सात से आठ घंटे लेट चल रही ट्रेनें, तीन दिन में चार हजार टिकट रद्द

❑ रायपुर में मेगा ब्लाक का असर

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के रायपुर रेलवे स्टेशन में मेगा ब्लाक शुरू होने के कारण यात्रियों को काफी परेशान होना पड़ रहा है। सात से आठ घंटे कई एक्सप्रेस ट्रेनों के लेट आने के कारण यात्रियों को मजबूरी में टिकट रद कराने काउंटर पर आना पड़ा। पिछले तीन दिनों में चार हजार से अधिक यात्रियों ने अपना कंफर्म टिकट रद कराया है।

रेलवे ने लिया है सात दिनों का मेगा ब्लाक

रायपुर स्टेशन के यार्ड के आधुनिकरण के लिए ही सात दिनों का मेगा ब्लाक रेलवे लिया है। इस दौरान एक भी ट्रेन गुरुवार को रायपुर स्टेशन में नहीं आई। साउथ बिहार एक्सप्रेस जहां बिलासपुर से वहीं गरीब रथ और दुर्ग-अंबिकापुर एक्सप्रेस उसलापुर से और सारनाथ, बरौनी एक्सप्रेस,रायपुर-शिकंदराबाद एक्सप्रेस सहित रायपुर से चलने वाली लोकल ट्रेनें दुर्ग स्टेशन से रवाना हुईं।

एलटीटी और दानापुर एक्सप्रेस के लेट होने के कारण उरकुरा से सरोना बाइपास से आगे के लिए रवाना किया गया। वहीं टाटा इतवारी भी अपने गंतव्य के लिए रवाना हुई। रायपुर रेलवे स्टेशन से लेकर वाल्टेयर रेललाइन के आरवीएच कालोनी तक सुबह से रेलवे के तकनीकी कर्मचारियों का गैंग केबलिंग डालने, दूसरी रेललाइन को स्टेशन तक जोड़ने में जुटा हुआ है।

उरकुरा स्टेशन से मिलेंगी डायवर्ट ट्रेनें

रेलवे मंडल के अधिकारियों ने बताया कि स्टेशन में ब्लाक के कारण रायपुर स्टेशन आने वाली सभी 65 ट्रेनें उरकुरा स्टेशन से मालगाड़ी लाइन से 10 मई तक चलेंगी। वहीं 32 ट्रेनों को गंतव्य से पहले उसलापुर, बिलासपुर, दुर्ग और महासमुंद रेलवे स्टेशनों में रोक दिया जाएगा और इन्हीं स्टेशनों से वापस चलाने का निर्णय रेलवे प्रशासन ने लिया है। इसलिए रायपुर स्टेशन के यात्रियों को या तो उरकुरा स्टेशन में ट्रेनें मिलेंगी या फिर बसों से लोग दुर्ग,बिलासपुर और महासमुंद से सफर कर पाएंगे। इस काम के पूरा होते ही ट्रेनों की निर्धारित समय और रफ्तार में तेजी आएगी।

ये ट्रेनें रायपुर नहीं आएंगी, गंतव्य से पहले होंगी समाप्त

शुक्रवार पांच मई को डोंगरगढ़ से चलने वाली गाड़ी संख्या 08710 डोंगरगढ़-रायपुर मेमू स्पेशल को दुर्ग स्टेशन से चलेगी।

आठ मई को अंबिकापुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 18242 अंबिकापुर-दुर्ग एक्सप्रेस उसलापुर में समाप्त होकर वापस अंबिकापुर के लिए चलेगी।

आठ मई को लखनऊ से चलने वाली गाड़ी संख्या 12535 लखनऊ-रायपुर एक्सप्रेस उसलापुर तक चलेगी।

नौ मई को दुर्ग-उसलापुर के मध्य रद रहेगी।

आठ मई को लखनऊ से चलने वाली गाड़ी संख्या 12535 लखनऊ-रायपुर एक्सप्रेस उसलापुर तक चलेगी।

नौ मई को रायपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 12536 रायपुर-लखनऊ एक्सप्रेस उसलापुर से रवाना होगी।

नौ मई को कोरबा से चलने वाली गाड़ी संख्या 08745 कोरबा-रायपुर मेमू स्पेशल बिलासपुर में समाप्त। यही से वापस चलेगी।

नौ मई को गाड़ी संख्या 08528 विशाखापट्टनम-रायपुर पैसेंजर स्पेशल को महासमुंद में समाप्त होगी।

10 मई को महासमुंद स्टेशन से रवाना होगी।

नौ-10 मई को गाड़ी संख्या 08816 अंतागढ़-रायपुर डेमू स्पेशल को दुर्ग में समाप्त करके यहीं से अंतागढ़ के लिए चलेगी।

आठ मई को गाड़ी संख्या 13288 राजेंद्रनगर टर्मिनल- दुर्ग एक्सप्रेस को बिलासपुर में समाप्त होगी।

10 मई को गाड़ी संख्या 13287 दुर्ग-राजेंद्रनगर टर्मिनल एक्सप्रेस बिलासपुर स्टेशन से रवाना होगी।

10 मई, 2023 को गाड़ी संख्या 08862 झारसुगुड़ा- गोंदिया मेमू स्पेशल को बिलासपुर में समाप्त होकर यहीं से झारसुगुड़ा के लिए चलेगी।

आठ मई को सिकंदराबाद से चलने वाली गाड़ी संख्या 12771 सिकंदराबाद -रायपुर एक्सप्रेस दुर्ग तक चलेगी और 9 मई को वापस दुर्ग स्टेशन से सिकंदराबाद के लिए रवाना होगी।

आठ-नौ मई को पुरी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18425 पुरी-दुर्ग एक्सप्रेस महासमुंद तक चलेगी। यहीं से 9 मई एवं 10 मई को पुरी के लिए रवाना की जाएगी।

नौ मई को कोरबा से चलने वाली 18252 कोरबा- रायपुर एक्सप्रेस बिलासपुर तक और यही से कोरबा के लिए चलेगी।

नौ-10 मई को गाड़ी संख्या 08705 रायपुर -डोंगरगढ़ मेमू स्पेशल दुर्ग स्टेशन से चलेगी।

नौ-10 मई को गाड़ी संख्या 08706 डोंगरगढ़- बिलासपुर मेमू स्पेशल को दुर्ग स्टेशन तक चलेगी।यहीं से वापस डोंगरगढ़ रवाना होगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 08710 डोंगरगढ़ -रायपुर मेमू स्पेशल दुर्ग तक चलेगी।

नौ मई को गाड़ी संख्या 08729 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू स्पेशल दुर्ग स्टेशन से चलेगी।

10 मई को गाड़ी संख्या 08730 डोंगरगढ़-रायपुर मेमू स्पेशल दुर्ग स्टेशन से वापस होगी।

नौ मई को गाड़ी संख्या 08261 बिलासपुर -रायपुर पैसेंजर स्पेशल मांढर में समाप्त करके कोरबा के लिए चलाई जाएगी।

महत्वपूर्ण एवं खास

2 किलो 300 ग्राम गांजा के साथ दो गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। टिकरापारा और विधानसभा थाना पुलिस ने कल अलग-अलग मामलों में दो लोगों से 2 किलो 300 ग्राम गांजा जब्त कर आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। टिकरापारा थाना पुलिस सूत्रों ने बताया कि मुखबीर की सूचना पर आरोपी मोह. निषार खान पिता मोह.नजीर खान 36 वर्ष निवासी ताज नगर संतोषी नगर के कब्जे से करीब 2 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया है। इसी तरह विधनसभा थाना पुलिस ने आरोपी अमर सिंह पिता जसवंत सिंह 34 वर्ष निवासी पानी टंकी के पास छपोरा से करीब 300 ग्राम गांजा जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

सटोरियों के खिलाफ अभियान, सट्टा-पट्टी के साथ कई पकड़ाए

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी पुलिस ने कल अभियान चलाते हुए शहर के अंदर जुआ-सट्टा खेलने व खिलाने वालों के खिलाफ कार्रवा की। इस दौरान पुलिस ने करीब 19000 रूपए के साथ ताशपत्ती, सट्टा पट्टी जब्त किया है। मौदहापारा पुलिस ने टैक्सी स्टैण्ड के पास दबिश देकर अब्दुल मोमीन खान पिता सलाम खान 53 वर्ष व अन्य 2 लोगों को ताशपत्ती खेलते पकड़ा। इनके कब्जे से 1270 रूपए जब्त किया गया। इसी तरह कोतवाली थाना पुलिस ने शीतला चौक धीवर मोहल्ला में दबिश देकरघासीलाल दिवान पिता स्व0 धनसाय दिवान व अन्य दो लोगों से ताशपत्ती व 700 रूपए, डीडी नगर पुलिस ने महादेवघाट के पास से आरोपी बृजेश तिवारी व अन्य लोगों को आईपीएल मैच में सट्टा खिलाते पकड़ा। आरोपियों से 2 मोबाइल फोन के साथ ही 5000 नगद बरामद किया गया। इसी तरह मुजगहन पुलिस ने सेजबहार से तेजराम बघेल व अन्य को सट्टा पट्टी व 2380 रूपए के साथ पकड़ा। वहीं मनोज महोश्री व अन्य लोगों को सट्टा लिखते 2610 रूपए के साथ पकड़ा। वहीं खिलोरा नाला के पास आरोपी रोहित पिता ईश्वरी को 2760 रूपए व सट्टा-पट्टी के साथ पकड़ा गया। गुढियारी थाना पुलिस ने झाबक पेट्रोल पंप के पास से आरोपी सोनू बोरकर को 1130 रूपए व सट्टा-पट्टी के साथ पकड़ा। गंज थाना पुलिस ने आरोपी सौरभ पोद्दार पिता राजेश को आईपीएल मैच में सट्टा खिलाते तीन मोबाइल फोन के साथ पकड़ा है।

महामाया एयरपोर्ट के रनवे को देखकर मुख्यमंत्री ने जताई खुशी

❑ कहां सरगुजा की एयर कनेक्टिविटी बढ़ने से यहां पर्यटन को मिलेगा जबरदस्त बढ़ावा

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज अंबिकापुर के महामाया एयरपोर्ट पहुंचे। यहां उन्होंने रनवे देखा और गुणवत्तायुक्त कार्य तय समय पर पूरा होने अधिकारियों की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि सरगुजा में महामाया एयरपोर्ट को विकसित करने के लिए लंबे समय से चर्चा प्रदेश स्तर पर तथा राष्ट्रीय स्तर पर हो रही थी। मैं हमेशा स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंह देव से तथा खाद्य मंत्री अमरजीत भगत से इस संबंध में चर्चा करता था। साथ ही हम लगातार दिल्ली में विमानन मंत्रालय से भी संपर्क में थे। आज यह एयरपोर्ट बड़े विमानों को उतारने के लिए भी तैयार हो गया है। 48 करोड़ रुपये की लागत से बनी अ_रह सौ मीटर एयर स्ट्रिप से यह संभव हो गया है। यह पूरा क्षेत्र 374 एकड़ में है और भविष्य में अधिक संख्या में बड़े विमानों के उतारने के लिए हमने एयरपोर्ट के अधिक विकास के लिए भी कार्य योजना बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित कर दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 3 दिनों बाद डीजीसीए की टीम यहां निरीक्षण के लिए आने वाली है। इसके तुरंत बाद हम लाइसेंस के लिए आवेदन लगा देंगे। लाइसेंस के आवेदन लगाने के बाद सामान्यत: 25 दिनों में लाइसेंस जारी हो जाता है। हम अंबिकापुर से दिल्ली बनारस और रायपुर की फ्लाइट शुरू करने का सुझाव विमानन मंत्रालय को देंगे। सुझाव के स्वीकृत हो जाने से इस क्षेत्र में पर्यटन के विकास की बड़ी संभावनाएं बनेंगी। 3 दिन बनारस की फ्लाइट और 3 दिन दिल्ली की फ्लाइट आरंभ होने से सरगुजा की सुंदरता विमानन रूट के माध्यम से भी उपलब्ध हो जाएगी और लोग सहजता से सरगुजा पहुंच पाएंगे। सरगुजा की खूबसूरती विलक्षण है और अब विमानन सुविधा उपलब्ध होने से पूरे देश के पर्यटक यहां के जंगल और पहाड़ियों की प्राकृतिक सुंदरता निहार सकेंगे। वे मैनपाट देख सकेंगे और सरगुजा में रामगढ़ की पहाड़ियां देख सकेंगे। इसके साथ ही तातापानी के गर्म जल के स्रोत भी देख सकेंगे। इस तरह से सरगुजा पर्यटन नक्शे में तेजी से प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरगुजा एयरपोर्ट देश के सबसे पुराने एयरपोर्ट में से एक है। आजादी के बाद 1950 में यहां डब्ल्यूबीएम एयरपोर्ट बनाया गया था। 1974 में इंदिरा यहां आई थीं। अब जब यह एयरपोर्ट विकसित हो गया है तो निजी विमान भी यहां उतर सकेंगे और बड़े विमानों की लैंडिंग से सरगुजा के पर्यटन का तेजी से विकास होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अक्टूबर-नवंबर का समय सरगुजा को देखने के लिए सबसे अच्छा समय होता है विमानन सुविधा आरंभ होने से यहां पर बड़े पैमाने पर टूरिस्ट इस मौके पर पहुंचेंगे।

पुराना अनुभव साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले जब यहां विमान की लैंडिंग होती थी तो गोता लगाने जैसा अनुभव होता था। अब शानदार एयर स्ट्रिप बन जाने से स्मूथ लैंडिंग हो रही है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट निर्माण में लगी 5 महिलाओं को साड़ी देकर सम्मानित किया।

बच्चों ने सीखा स्वस्थ जीवन जीने का तरीका

रायपुर (आरएनएस)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा चौबे कालोनी में आयोजित समर कैम्प में नैचुरोपैथ डॉ. विवेक भारती ने बच्चों को स्वस्थ जीवन जीने का तरीका बतलाया। डॉ. विवेक भारती ने कहा कि आज की सबसे बड़ी समस्या यह है कि श्रम और व्यायाम के अभाव में हमारे षरीर का लचीलापन (फ्लेक्सीबिलिटी) खत्म होता जा रहा है। षरीर को स्वस्थ रखने के लिए दिनचर्या में पहला सुधार यह करने की जरूरत है कि हमें सारे दिन में कम से कम एक बार जमीन पर जरूर बैठना चाहिए। इसी प्रकार स्वस्थ रहने के लिए दिन में कम से कम बीस मिनट कोई भी एक्सरसाईज अवश्य करना चाहिए। योग करने, म्युजिक सुनने, खेलने और एक्सरसाईज करने से हमारे अन्दर एण्डार्फिन नामक हार्मोन निकलता है जो कि हमें खुषी प्रदान करता है। इसी प्रकार सोषल मीडिया भी प्लेजर हार्मोन्स पैदा करता है। उन्होंने बतलाया कि स्वस्थ जीवन के लिए पांच बातें मुख्य रूप से ध्यान में रखना चाहिए।

दिन में सिर्फ दो बार पका हुआ भोजन करें और एक बार कोई भी सीजनल फल, जूस आदि लेना चाहिए। दूसरी बात दिन में कम से कम ढाई लीटर पानी अवष्य पीना चाहिए। आवष्यकता से ज्यादा पानी पीना सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है। तीसरी बात रोज व्यायाम करें। चौथी बात पाचन तंत्र को आराम देना। इसके लिए सप्ताह में एक दिन उपवास कर सकते हैं।

पंचायत राशि की गड़बड़ी के कारण बैकोनी सरपंच हुए पद मुक्त, 14 लाख से भी ऊपर की राशि सरपंच सचिव से वसूली होगी

सिमगा/बलौदाबाजार (आरएनएस)। बलौदाबाजार भाटापारा जिले के सिमगा विकासखंड में बीते दिवस अनुविभागीय अधिकारी के कोर्ट में बैकोनी सरपंच के विरुद्ध प्रकरण चल रहा था जिसमें विवेचना एवं गहन अध्ययन के आधार पर अनावेदक गोपाल यदु सरपंच ग्राम पंचायत बैकोनी जनपद पंचायत सिमगा के द्वारा बिना प्रस्ताव एवं डीएससी के पंचायत मत की राशि को मनमानी तौर पर आहरण एवं व्यय करना तथा प्रकरण में संलग्न बिल वाउचर में किस्मत की राशि को किस कार्य में व्यय किया जाता है स्पष्ट अंकित नहीं होने से भुगतान मान्य प्रतीत नहीं हुआ समान क्रय हेतु बिना निविदा एवं पंचायत प्रस्ताव के स्वेच्छा से चयनित फार्म से सामान क्रय किया जाना ग्राम पंचायत लेखा नियम 1999 के नियम 20 का स्पष्ट उल्लंघन है इस अवस्था में सरपंच गोपाल यदु का उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 40(1) के अनुसार अपने कर्तव्यों के निर्वहन में उपेक्षा का घोतक है जिसके फल स्वरूप अनुविभागीय अधिकारी के द्वारा हटाए जाने का आदेश पारित हुआ तथा निलंबन काल में 1,64,000 रुपए अवैधानिक तौर पर आहरण एवं व्यय किए जाने तथा 14 वित्त की राशि 4,31,201 रुपए एवं 15 वित्त की राशि 8,0 6,465 कुल राशि 14,01,666 रुपए अवैधानिक रूप से बिना पंचायत प्रस्ताव के डीएससी के माध्यम से आहरीत/ व्यय किए जाने के फलस्वरूप सरपंच एवं सचिव से वसूली के लिए आदेश हुआ जो पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 92 के तहत वसूली किए जाने का आदेश पारित हुआ।

लूट की वारदात को अंजाम देने वाले नट गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही। आरएनएस

जिला पुलिस ने नट गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी अपने साथियों के साथ मिलकर बैंक के आसपास मौजूद रहते। फिर जैसे ही कोई बैंक से रकम निकालकर बाहर आता तो उससे चोरी कर लेते थे। आरोपियों ने छत्तीसगढ़ सहित मध्य प्रदेश में भी कई लोगों को अपना शिकार बनाया। पुलिस आरोपियों के अन्य साथियों को तलाश कर रही है। आरोपियों ने एक एसईसीएल के रिटायर्ड कर्मचारी को निशाना बनाया था।

पुलिस ने बताया कि, एसईसीएल के एक रिटायर्ड कर्मचारी ने छह अप्रैल को मामला दर्ज कराया कि उसका मध्य प्रदेश के आमाडांड स्थित बैंक की शाखा में खाता है। वहां से एक लाख रुपये निकालकर अपने बेटे के साथ मरवाही आया था। रुपये उसने बाइक की डिक्की में रख थे। उसका बेटा एसबीआई में पर्ची जमा करने चला गया और वह तंबाखू खाने पास की दुकान में गया। जब लौटा तो देखा कि डिक्की टूटी थी और उसमें रखे एक लाख रुपये गायब थे। इसके बाद वह थाने पहुंचा और शिकायत की।

जांच के दौरान दो संदेहियों के बारे में जानकारी मिली। पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। पूछताछ

में उन्होंने बताया कि घटना वाले दिन एक आरोपी आमाडांड में बैंक शाखा के अंदर था। जबकि दूसरा बाहर मौजूद था। बाइक सवार लोग जब रुपये लेकर निकले तो उन पर नजर रख रहे थे। मरवाही पहुंचने पर बाइक से रकम चोरी कर ली। इसके बाद अलग-अलग रास्ते से भागकर अपने गांव बुढार के खमरोद पहुंच गए। पकड़े गए आरोपियों में बबलू नट और हीरा लाल शामिल है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि, उनके साथ दो और साथी हैं। चोरी की राशि से सभी ने पांच-पांच हजार रुपये खर्चे के लिए बांट लिए। बाकी 50 हजार रुपये राजू नट ने अपने पास रख लिए हैं। आरोपियों ने पूछताछ पर बताया कि इस प्रकार की बहुत सी वारदात उन्होंने की है। इसमें छत्तीसगढ़ औऱ मध्यप्रदेश के विभिन्न थानों में चालान भी हुए है। प्रकरण के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य दो की तलाश पुलिस कर रही है। जल्द उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

दिशा दर्शन भ्रमण कार्यक्रम के तहत जिले से स्व सहायता समूह दल रवाना

❑ दिशा दर्शन भ्रमण कार्यक्रम दल को उपाध्यक्ष संजीत ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

मुंगेली (आरएनएस)। प्रदेश की महिला स्वयं सहायता समूहों के सशक्तिकरण, आयोजार्जन गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समूह की महिलाओं को अन्य राज्यों के सफलतापूर्वक कार्य कर रहे स्वसहायता समूहों के क्रियाकलापों के अध्ययन हेतु 5 से 7 मई तीन दिवसीय दिशा दर्शन भ्रमण कार्यक्रम रखा गया है। जिसके तहत जिले से 200 महिलाओं की टीम को उपाध्यक्ष जिला पंचायत संजीत बनर्जी जी ने कलेक्ट्रेट परिसर में हरी झण्डी दिखाकर अमरकंटक, गोरखपुर, मूसमुंडी हेतु रवाना किया. संजीत बनर्जी जी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष भ्रमण पर ले जाई गई महिलाओं के अनुभव तथा उनकी आवश्यकता के आधार पर प्रदेश की महिला स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों को दिशा दर्शन कार्यक्रम अंतर्गत महिलायें उनसे प्रेरणा लेकर, अनुभव से सीखकर आयोपार्जन गतिविधियों में सम्मिलित हो सकेंगे. बनर्जी जी ने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं के सर्वांगीण विकास हेतु मुख्यमंत्री सुपोषण योजना, महतारी जतन योजना, पोषण वाटिका, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना सहित अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित किया जा रहा है. गौठान एवं रीपा योजना के माध्यम से आज स्वसहायता समूह की महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही है. सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में कदम उठाते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के मानदेय में वृद्धि की गई है. इस अवसर पर पर्यवेक्षक विभा मसीह, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारी गण सहित स्वसहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं.

खूबसूरत कलाकृति से शहर की दीवारों को मिली नई जिंदगी

❑ स्वच्छता के प्रति वॉल पेंटिंग शहरवासियों को आकर्षित कर रही है

दुर्ग (आरएनएस)। नगर निगम सीमांक्षेत्र अंतर्गत सौंदर्यीकरण अभियान के हिस्से के रूप में और स्वच्छ भारत मिशन में योगदान देने के लिए,शहर के दीवारों को विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों और स्थलों की तस्वीरों के साथ चित्रित किया है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 की तैयारी के तहत नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत शासकीय भवनों एवं सांस्कृतिक भवनों के बाउंड्री वॉल में सुंदर कलाकृति बनाई जा रही है। आयुक्त के निर्देश पर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता के लिए वॉल पेंटिंग कराई जा रही है। शहर क्षेत्र 60 वार्डो में लगभग 90प्रतिशत स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता के लिए वॉल पेंटिंग का कार्य किया जा चुका है। कंडरा भवन, अमर हाईट्स, पुलिस लाईन बाऊंड्रीवाल, गंजमंडी के पीछे पानी टंकी के पास अमृत गार्डन महावीर गार्डन शास्त्री चौक, कसारीडीह साई मंदिर के पास केलाबाड़ी रानी लक्ष्मी बाई मूर्ति, आजाद चौक के पास गार्डन, आर्दशनगर, गार्डन, अम्बेडकर भवन, पद्मनाभपुर मिनी स्टेडियम, ठगड़ा बांध, बीआईटी कॉलेज, ठगड़ा बांध, साईं मंगलम गार्डन, शिशु गार्डन, प्रगति मैदान चौक, गणपति विहार, अमृत गार्डन, द्वारिकापुरी गार्डन, ऋषभ ग्रीन सिटी, शितला मंदिर परिसर बांधा तालाब पार, शिव मंदिर उरला फाटक के पहले, कबीर आश्रम, गार्डन, अमृत गार्डन में वॉल पेंटिंग की जा रही है। सार्वजनिक स्थलों एवं अधिक आवागमन वाले स्थलों, मुख्य सड़कों के किनारे व शौचालय की दीवारों पर पेंटिंग के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिए जा रहे है। हैदीवारों पर रंग रोगन के साथ ही सुंदर चित्र बनाकर स्वच्छता का महत्व बताते नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। स्वच्छता महाअभियान के तहत रहवासी क्षेत्रों की सड़क,नालियों की नियमित सफाई करने के साथ ही शहर में झिल्ली, पन्नी के कचरे को भी हटाया जा रहा है।

महापौर धीरज बाकलीवाल ने भी स्वच्छ भारत अभियान के तहत आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का प्रयास कर रहे हैं। सार्वजनिक स्थानों, मुख्य उद्यानों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, प्रमुख सड़कों के किनारे व चौक चौराहों पर वॉल पेंटिंग के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य बिन्दु

पीड़ित संपर्क करें

अन्य बिन्दु

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

Address : Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU